**Assignment 17**
**Class - 4**
**Sub - Hindi**
**अभ्यास - 19, 22, 27 (पूजा हिंदी रचना पुस्तक)**

## अभ्यास 19

**<u>अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें:-</u>**
**<u>(पुस्तक में लिखें )</u>**

| | |
|---|---|
| 1. जो सत्य न हो। | असत्य |
| 2. जो पुराना हो। | प्राचीन |
| 3. जो कभी न मरे। | अमर |
| 4. जिसका कोई सहायक न हो। | असहाय |
| 5. जो कमजोर हो। | निर्बल |
| 6. जिसके पास धन न हो। | निर्धन |
| 7. जो उचित न हो। | अनुचित |
| 8. जो आजाद हो। | स्वतंत्र |
| 9. जिसका अंत न हो। | अनंत |
| 10. जो अपना मतलब साधता हो। | स्वार्थी |
| 11. जिसका कोई अर्थ न हो। | निरर्थक |
| 12. जिसके दस मुंह हों। | दशानन |
| 13. जिसके हजार हाथ हों। | सहस्रबाहु |
| 14. जो राजनीति जानता हो। | राजनीतिज्ञ |
| 15. जो विज्ञान जानता हो। | वैज्ञानिक |

## अभ्यास- 22 (पुस्तक में लिखें)

### अभ्यास 22

नीचे दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखो :—

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| 1. यह पत्र मैं लिखा। | यह पत्र मैंने लिखा। |
| 2. बच्चों का समूह आते हैं। | बच्चों के समूह आते हैं। |
| 3. मेरा मित्र रमेश आये हैं। | मेरा मित्र रमेश आया है। |
| 4. लता और वीना आ रही है। | लता और वीना आ रही हैं। |
| 5. शरद् ऋतु आया है। | शरद ऋतु आयी है। |
| 6. तुम और मैं सैर करने जाऊंगा। | तुम और मैं सैर करने जाएँगे। |
| 7. फूल का गुच्छा सुन्दर थे। | फूलों का गुच्छा सुंदर था। |
| 8. आओ, हम और तुम खेलो। | आओ, हम और तुम खेलें। |
| 9. सुन्दर-सुन्दर फूल खिला है। | सुन्दर-सुन्दर फूल खिले हैं। |
| 10. मुझसे किताब न पढ़ा गया। | मुझसे किताब न पढ़ी गयी |
| 11. रामू और मंजु स्कूल गई। | रामू और मंजू स्कूल गये |
| 12. सर्कस में हाथी आई है। | सर्कस में हाथी आया है |
| 13. संध्या बीत गया। | संध्या बीत गई। |
| 14. सुबह हुआ। | सुबह हुई। |

REDMI NOTE 5 PRO

# अभ्यास - 27

**(कॉपी में लिखें)**

## मुहावरे (Idioms)

**परिभाषा :-** जो शब्द अपने साधारण अर्थ को छोड़ कर विशेष अर्थ को व्यक्त करते हैं ऐसे वाक्यांश को 'मुहावरा' कहा जाता है।

मुहावरों का अर्थ उसके शब्दों से नहीं लगाया जाता। अपितु उनका एक खास अर्थ होता है। मुहावरों के प्रयोग से भाषा प्रभावशाली बन जाती है।

नीचे दिए गए मुहावरों के अर्थ समझो और इन्हें अपने वाक्यों में प्रयोग करो:-

1. घाव पर नमक छिड़कना = दुखी को और सताना।
वाक्य:- एक तो बेचारे की पुस्तक खो गई है, ऊपर से तुम कड़वी बातें बोलकर उसके घाव पर नमक छिड़क रहे हो।

2. चिकना घड़ा = जिस पर कोई असर न हो।
वाक्य:- मुकेश को कुछ भी समझाना बेकार है क्योंकि वह एक चिकना घड़ा है।

3. काला अक्षर भैंस बराबर = अनपढ़ होना।
वाक्य:- पिता विद्वान थे, माता के लिए काला अक्षर भैंस बराबर था।

4. किस चक्की का पिसा खाना = बहुत मोटा होना।
वाक्य:- मेरे दोस्त को देखकर एक लड़के ने पूछा, किस चक्की का पिसा खाते हो?

5. एड़ी-चोटी का पसीना एक करना = बहुत अधिक मेहनत करना।

REDMI NOTE 5 PRO

वाक्य:- अच्छी फसल पाने के लिए किसान एड़ी-चोटी का पसीना एक कर देते हैं।

6. उल्टी गंगा बहाना = उल्टा काम करना।
वाक्य:- तुमने तो उल्टी गंगा बहा दी, गर्मियों में लोग पहाड़ पर जाते हैं और तुम रेगिस्तान की यात्रा कर रहे हो।

7. आसमान पर चढ़ना = बहुत घमंड करना।
वाक्य:- पड़ोसी से जब से नई कार खरीदी, वह तो आसमान पर चढ़ने लगा है।

8. ईद का चाँद होना = बहुत समय बाद दिखाई देना
वाक्य:- तुम तो ईद का चांद हो गए हो, पता नहीं आजकल कहाँ रहते हो?

9. अपने मुँह मियां मिट्ठू बनना = अपनी बड़ाई स्वयं करना।
वाक्य:- अच्छे आदमियों को अपने मुँह मियां मिट्ठू बनना अच्छी बात नहीं है।